<u>लोक सभा</u>

अतारांकित प्रश्न संख्या 2197

01 जनवरी, 2018 को उत्तर के लिए

एस.ए.आई.एल. के स्वामित्व वाली खानें बन्द करना

2197. डॉ. अंबुमनी रामादोसः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या भारतीय स्टील प्राधिकरण लिमिटेड (सेल) के स्वामित्व सहित विभिन्न खानें पर्यावरणीय कारणों से बंद होने के कगार पर हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या खानों को इस प्रकार बंद करने से सेल को हानि हुई है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

<u>उत्तर</u>

इस्पात राज्य मंत्री (श्री विष्णु देव साय)

(क) और (ख): खनन पट्टों का आवंटन राज्य सरकारों द्वारा किया जाता है। जहां तक स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) का संबंध है, तीन खानें पर्यावरणीय कारणों से बंद होने के कगार पर है।

(ग) और (घ): इस कारण से इस्पात उत्पादन में कोई हानि नहीं हुई है क्योंकि सेल के अन्य केप्टिव खानों से उत्पादन बढ़ाकर आवश्यकता को पूरा किया गया था।

******